RAISINA BENGALI SCHOOL
CLASS - 3 (हिन्दी)

पाठ्यपुस्तक - रिमझिम

👉 वर्णमाला और मात्राओं के बाद आप अपनी पाठ्यपुस्तक- रिमझिम का पाठ - 1 . झूला , जो कि एक कविता है- पढ़ेंगे, समझेंगे और याद करेंगे। कुछ मात्राओं और आगत स्वर को आप बाद में पढ़ेंगे।

👉 सभी दिए गए गृहकार्य को अलग कॉपी बनाकर साफ व सुंदर लेख में लिखें ।

👉 सभी गृहकार्य स्कूल पुनः खुलने पर देखा जाएगा ।

झूला

पाठ परिचयः झूला झूलना हम सबको अच्छा लगता है और हम तरह-तरह के झूलों पर झूलते भी हैं। कभी लगता है कि झूले पर बैठकर हम आकाश को छू सकते हैं। आसपास की सभी चीज़ें–पत्ते, डाली, ज़मीन आदि हमारे साथ-साथ झूलते हुए प्रतीत होते हैं। इस 'झूला' नामक कविता को पढ़कर भी ऐसा ही अनुभव हो रहा है।

0117CH01

1. झूला

अम्मा आज लगा दे झूला,
इस झूले पर मैं झूलूँगा।
इस पर चढ़कर, ऊपर बढ़कर,
आसमान को मैं छू लूँगा।

झूला झूल रही है डाली,
झूल रहा है पत्ता-पत्ता।
इस झूले पर बड़ा मज़ा है,
चल दिल्ली, ले चल कलकत्ता।

झूल रही नीचे की धरती,
उड़ चल, उड़ चल,
उड़ चल, उड़ चल।
बरस रहा है रिमझिम, रिमझिम,
उड़कर मैं लूटूँ दल-बादल।

गृहकार्य निर्देश - ऊपर दी गई कविता को याद कर नीचे दिए गए कार्य को अपनी कॉपी में लिखें।

शब्दार्थ

अम्मा	माँ	धरती	ज़मीन
डाली	पेड़ की शाखा	दल	झुंड

पाठ पर आधारित प्रश्न

1. कविता की पंक्तियाँ पूरी करो—

(क) अम्मा .... झूला,
इस .... झूलूँगा।
इस पर .... बढ़कर,
आसमान .... लूँगा।

(ख) झूला झूल .... ,
झूला रहा है .... ।
इस झूले .... है,
चल .... , ले चल .... ।

2. सही उत्तर चुनो–

(क) बच्चा झूला कब झूलना चाहता है?

कल ◯ आज ◯ परसों ◯

(ख) बच्चे को झूला झूलकर क्या आएगा?

गुस्सा ◯ मज़ा ◯ रोना ◯

(ग) पानी कैसे बरस रहा है?

पिनपिन ◯ भिनभिन ◯ रिमझिम ◯

3. प्रश्न और उनके उत्तर -

(क) बच्चा किसे झूला लगाने को कह रहा है ?

उत्तर - बच्चा अपनी अम्मा (माँ) से झूला लगाने को कह रहा है ।

(ख) झूले पर चढ़कर बच्चा क्या छूना चाहता है ?

उत्तर - झूले पर चढ़कर बच्चा आसमान को छूना चाहता है ।

(ग) बच्चे को कौन-कौन झूला झूलते लग रहे हैं ?

उत्तर - बच्चे को पेड़ की डाली और पत्ता , झूला झूलते लग रहे हैं ।

(घ) बच्चा झूले को कहाँ ले चलने को कह रहा है ?

उत्तर - बच्चा झूले को दिल्ली और कलकत्ता ले चलने को कह रहा है ।

(ङ) बच्चा उडकर क्या लूटना चाहता है ?

उत्तर - बच्चा उडकर बादलों के दल (समूह) को लूटना चाहता है ।

भाषा एवं व्याकरण

नीचे दिए गए वर्णों से तीन-तीन शब्द बनाकर लिखो–

(क) झ – ....

(ख) त्त – ....

(ग) ल्ल – ....

(घ) म्म – ....